an>

Title: Need to provide 5 % reservation to Gujjar Community in Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): सभापति महोदय, मैं बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलना चाहता था। आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का समय दिया है, इसके लिए आपको धन्यवाद। माननीय रवि शंकर प्रसाद जी लॉ मिनिस्टर हैं, वे यहां नहीं हैं, मैं चाहता था कि वे भी इसे सुनते। यह उनके मतलब की बात है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि चुनाव के दौरान राजस्थान सरकार ने, भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा-पत्र में गुर्जरों को 5औ आरक्षण देने की घोषणा की थी। इस आरक्षण की मांग को लेकर पूरे देश में बहुत बड़ा आंदोलन हुआ था। इसमें 72 लोग शहीद हो गए थे, लेकिन पिछली कांग्रेस की सरकार ने पांच सालों तक इसे ऐसे ही रखा और असत्य बोल-बोल कर अपना समय निकालती रही और एक दिन भी इस पर गौर नहीं किया।

महोदय, मैं खुद गुर्जर जाति से राजस्थान से अकेला सांसद हूं और मेरे लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। पूरे देश के गुर्जरों ने रोड पर आकर अपना आंदोलन किया था। यह हमारी पार्टी के घोषणा-पत्र में भी है और हमारी सरकार भी है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि यह मांग जल्द-से-जल्द पूरी की जाए ताकि समाज के लोग आगे कोई आंदोलन जैसा कदम न उठाएं और देश में शांति बनी रहे।

महोदय, मैं जो लॉ मिनिस्टर से कह रहा था, अगर वे यहां होते या फिर वे अपने कमरे में सुन रहे होंगे, मैं उन से इसे संविधान की नौंवी अनुसूची में डलवाने की प्रार्थना करता हूं। उस समय पूरे देश के अंदर जो केस दर्ज़ हुए थे, उसमें बहुत-से लोग ऐसे हैं जो वकील हैं, डॉक्टर हैं एवं अन्य किसान हैं, उन लोगों के खिलाफ़ केस दर्ज़ हुए थे। उन्होंने ऐसा कोई नुकसान नहीं किया था, लेकिन आज तक वे बेवजह कोर्टों में तारीख भुगत रहे हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि उस केस को वापस ले लिया जाए क्योंकि वे लोग सात-आठ सालों से बेमतलब में परेशान हो रहे हैं।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं और निवेदन करता हूं कि मेरी मांग को जल्द-से-जल्द पूरा किया जाए।

माननीय सभापति : श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया द्वारा उठाए गए विषय से

श्री पी.पी.चौहान अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।